8

पेंशन/सेवानिवृत्तिक लाभ

विषय सूची			
क्र0सं0	विषय	शासनादेश संख्या तथा दिनांक	पृष्ठ संख्या
1	उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2018 ।	अधिसूचना संख्या 354/XXXVI(3)/2018 /70(1)/2018 दिनांक 17 अक्टूबर, 2018	**255–259**
2	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में दिनांक 01.01. 2016 से पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन का संशोधन।	सं0 205/XXVii(10)/2018–27(08) /17 दिनांक : 15 अक्टूबर, 2018	**260–263**
3	उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018 ।	सं0269/XXXVI(3)/2018/47(1)/2018 दिनांक : 20 जुलाई, 2018	**264–265**
4	प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/शासन द्वारा सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों/प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु प्राप्त करने उपरान्त शैक्षिक सत्र के अन्त तक प्रदत्त सत्रांत लाभ के दौरान अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में।	सं0 160/ XXVii(10)/2018/54/2012 दिनांक : 22 मई, 2018	**266–267**
5	प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/शासन द्वारा सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों/प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु प्राप्त करने उपरान्त शैक्षिक सत्र के अन्त तक प्रदत्त सत्रांत लाभ के दौरान अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में।	सं0 128/ XXVii(10)/2018/54/2012 दिनांक : 25 अप्रैल, 2018	**268–269**
6	उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 ।	सं0193/XXXVI(3)/2018/27(1)/2018 दिनांक : 13 अप्रैल, 2018	**270–284**
7	पुनर्नियुक्ति/पुनर्नियोजित सरकारी सेवाओं में वेतन इत्यादि की अनुमन्यता के सम्बन्ध में।	सं0 41/XXVII(7)50(4)/2017 दिनांक : 12 सितम्बर, 2017	**285–286**
8	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा लिये	सं0 173/18/xxvii(10)2017 दिनांक : 17 अगस्त, 2017	**287–288**

	गये निर्णयों के क्रम में वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों को स्वीकार किये जाने के फलस्वरूप राज्य सरकार के अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण/प्राविधिक शिक्षण संस्थानों के शिक्षक (यू0जी0सी0, ए0आई0सी0टी0, आई0सी0ए0आर0 के वेतनमानों से आच्छादित पदों को छोड़कर) एवं अशासकीय सहायता प्राप्त शिक्षण एवं प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं के शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को दिनांक 01.01.2016 से पुनरीक्षित वेतनमान एवं पेंशन अनुमन्य किये जाने विषयक।		
9	केन्द्रीय सातवें वेतनमान के अनुरूप दिनांक 01.01.2016 से पूर्व सेवानिवृत्त अखिल भारतीय सेवाओं के पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण विषयक।	सं0 211/17/XXVii(10)2017 दिनांक : 28 जुलाई, 2017	**289–290**
10	उत्तराखण्ड राज्य सरकार के सेवायोजित पारिवारिक पेंशनरों को पारिवारिक पेंशन पर महंगाई राहत की अनुमन्यता विषयक।	सं0 175/XXVii(10)/2017/09(36)07 दिनांक : 19 जून, 2017	**291–292**
11	दिनांक 01.10.2005 से लागू राष्ट्रीय पेंशन प्रणाली से आच्छादित कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति उपदान एवं मृत्यु उपदान की अनुमन्यता विषयक।	सं0 174/42/ XXVii(10)/16/2017 दिनांक : 16 जून, 2017	**293–294**
12	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा किए गये निर्णयों के क्रम में वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2016 के पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किया जाना।	सं0 138/2017/45/ XXVII(10)/2016 दिनांक : 15 मई, 2017	**295**
13	शा0 सं0 : 135/2017/45/xxvii (10)/2016 दिनांक : 05 मई, 2017 का शुद्धि पत्र।	सं0 136/2017/45/ XXVII(10)/2016 दिनांक : 05 मई, 2017	**296**
15	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की	सं0 135/2017/45/ XXVII(10)/2016	**297**

	संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा किए गये निर्णयों के कम में वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2016 को अथवा इसके पश्चात सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को पेशन/ग्रेच्युटी/ पारिवारिक पेंशन एवं राशिकरण की प्रकिया में संशोधन।	दिनांक : 05 मई, 2017	
15	दिनांकः 01 नवम्बर, 2005 से लागू नई आंशदान पेंशन योजना के अन्तर्गत अंशदान के रूप में होने वाली कटौतियों को जमा करने हेतु प्रकिया एवं सुसंगत लेखाशीर्षक में संशोधन विषयक।	सं0 113/06/XXVII(10)/2017 दिनांक : 06 अप्रैल, 2017	**298–299**
16	09 नवम्बर, 2000 से पूर्व के पेंशनरों को सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों के अनुरूप दिनांक 01.01. 2016 से पुनरीक्षित/संशोधित पेंशन का लाभ दिये जाने विषयक।	सं0 79/02/ XXVII(10)/2017 दिनांक : 14 मार्च, 2017	**300**
17	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा लिए गये निर्णयों के कम में वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक 01.01.2016 के पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन पुनरीक्षण किया जाना।	सं0 267/45/ XXVII(10)/2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	**301–304**
18	सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सराकर द्वारा लिए गये निर्णयों के कम में वेतन समिति, उत्तराखण्ड (2016) की संस्तुतियों को स्वीकार किए जाने के फलस्वरूप दिनांक : 01.01.2016 को अथवा इसके पश्चात् सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को पेंशन/ग्रेच्युटी/पारिवारिक पेंशन एवं राशिकरण की प्रकिया में संशोधन।	सं0 266/45/ XXVII(10)/2016 दिनांक : 30 दिसम्बर, 2016	**305–310**
19	दिनांक 01.01.2006 के पूर्व सेवानिवृत्त राज्य सरकार के सिविल पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स की पेंशन/पारिवारिक पेंशन के पुनरीक्षण	सं0 215/52/ XXVii(10)/2016 दिनांक : 14 अक्टूबर, 2016	**311–312**

	विषयक कार्यालय ज्ञाप/शुद्धि पत्र सं0 835/XXVII(7)/2011 दिनांक 28.02. 2011 का संशोधन।		
20	राज्य सरकार की सिविल सेवा अथवा राज्य सरकार के सार्वजनिक उपक्रमों/स्वायत्त निकायों/स्थानीय निधियों में पुनर्नियोजित भूतपूर्व सैनिकों के आश्रितों के सैन्य सेवा के साथ ही सिविल के लिये दोहरी पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता।	सं0 43/ XXVii(10)/2015 दिनांक : 23 नवम्बर, 2015	313–314
21	उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) नियमावली, 2015	सं0 214/ XXVII(7)56/2007टी0सी0 दिनांक : 18 नवम्बर, 2015	315–316
22	अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स तथा उत्तर प्रदेश से स्थानान्तरित हुये पेंशनर्स की व्यय प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान की प्रकिया में संशाोधन।	सं0 13/2015/9(13)/ XXVii(10)2011 दिनांक : 20 अप्रैल, 2015	317–318
23	दिनांक : 01.01.2006 के पूर्व स्वीकृत असाधारण पेंशन के, वेतन समिति उत्तराखण्ड, 2008 की संस्तुतियों के लागू होने के फलस्वरूप, पुनरीक्षण के सम्बन्ध में।	सं0 50/ XXVii(7)30(1)/2008 दिनांक : 06 मार्च, 2014	319–320
24	कार्यालय ज्ञाप सं0 : 419/xxvii(7)/ 2008 दिनांक 27 अक्टूबर, 2008 के प्रस्तर–8 (2) (क) (3) के कम में पारिवारिक पेंशन हेतु आश्रित माने जाने की न्यूनतम सीमा राशि।	सं0 676/ XXVii(7)30(1)/2008 दिनांक : 02 सितम्बर, 2013	321–322
25	अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स तथा उत्तर प्रदेश से स्थानान्तरित हुए पेंशनर्स की चिकित्सा व्यय प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान के स्पष्टीकरण।	सं0 666/ XXVii(7)50(72)/2013 दिनांक : 26 अगस्त, 2013	323–324
26	पेंशनीय भार वहन करने के सम्बन्ध में उ0प्र0 राज्य से समझौता किये जाने के सम्बन्ध में।	सं0 470/ XXVii(7)9(45)/2012 दिनांक : 29 अप्रैल, 2013	325
27	अविभाजित उत्तर प्रदेश के पेंशनर्स तथा उत्तर प्रदेश से स्थानांतरित हुए पेंशनर्स की व्यय प्रतिपूर्ति दावों के भुगतान के सम्बन्ध में संशोधन।	सं0 184/ XXVii(7) 09(13)/2011 दिनांक : 18 अप्रैल, 2013	326–327
28	अधिसूचना संख्या : 21/xxvii(7)(अं0पें0यो0)/2005 दिनांक 25 अक्टूबर, 2005 द्वारा नई पेंशन (अंशदायी पेंशन योजना) के	सं0 468/ XXVii(7) (अं.पें.यो.)/2013 दिनांक : 22 मार्च, 2013	328–329

	सम्बन्ध में समय–समय पर निर्गत शासनादेशों के स्पष्टीकरण के सम्बन्ध में।		
29	अधिसूचना संख्या : 21/xxvii(7)अ0पे0यो0/2005 दिनांक 25 अक्टूबर, 2005 द्वारा लागू नव परिभाषित अंशदान पेंशन योजना के संबध में स्पष्टीकरण।	सं0 412/XXVII(7)/61(8)/2010 दिनांक : 14 फरवरी, 2013	**330–332**
30	राज्य के अशासकीय सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में कार्यरत/कर्मचारियों के राशिकरण की दरों के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण।	सं0 401/XXVII(7) 54(1)/2011 दिनांक : 01 फरवरी, 2013	**333–334**

(255)

क्रम संख्या–184

पंजीकरण संख्या– यू0ए0 / डी0ओ0 / डी0डी0एन0 / 30 / 2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, बुधवार, 17 अक्टूबर, 2018 ई0

आश्विन 25, 1940 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 354 / XXXVI (3) / 2018 / 70(1) / 2018

देहरादून, 17 अक्टूबर, 2018

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन राज्यपाल महोदया ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) विधेयक, 2018' पर दिनांक 11 अक्टूबर, 2018 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्याः 34, वर्ष– 2018 के रूप में सर्व–साधारण के सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

256

उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2018

(उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 34, वर्ष 2018)

उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 (अधिनियम संख्या 17, वर्ष 2018) में अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए

अधिनियम

भारत गणराज्य के उनहत्तरवें वर्ष में उत्तराखण्ड राज्य विधानसभा द्वारा निम्नलिखित रूप में यह अधिनियमित हो:–

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अधिनियम, 2018 है।

(2) यह अधिनियम "उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 (अधिनियम संख्या 17, वर्ष 2018)" के प्रवृत्त होने के समय से लागू माना जायेगा।

धारा 7 का संशोधन

2. उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 की धारा 7 की उपधारा (1) में "तैंतीस गुने" शब्द के स्थान पर "साढे सोलह गुना" शब्द रख दिये जायेंगे।

निरसन एवं व्यावृत्ति

3. (1) उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018 एतद्द्वारा निरसित किया जाता है।

(2) ऐसे निरसन के होते हुये भी उक्त अध्यादेश के अधीन की गयी कोई बात अथवा कार्रवाई इस अधिनियम के तत्स्थानी उपबन्धों के अधीन की गयी समझी जायेगी।

आज्ञा से,

आलोक कुमार वर्मा,
प्रमुख सचिव।

No. 354/XXXVI (3)/2018/70(1)/2018
Dated Dehradun, October 17, 2018

NOTIFICATION

Miscellaneous

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of **'the Uttarakhand Retirement Benefits (Amendment) Act, 2018'** (Adhiniyam Sankhya: **34** of **2018**).

As passed by the Uttarakhand Legislative Assembly and assented to by the Governor on 11 October, 2018.

THE UTTARAKHAND RETIREMENT BENEFITS (AMENDMENT) ACT, 2018

(Uttarakhand Act No. 34 of 2018)

AN

ACT

further to amend the Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018 (Act No. 17 of 2018)

BE it enacted by the Uttarakhand State Legislative Assembly in the Sixty ninth year of the Republic of India as follows:-

Short Title And Commencement

1. (1) This Act may be called the Uttarakhand Retirement Benefits (Amendment) Act, 2018.

(2) It shall be deemed to have come into force from the time of enforcement of the "Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018 (Act No. 17 of 2018)".

Amendment of Section 7

2. In Section 7 of the Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018, in sub section (1), for the words "33 times", the words "16.5 times" shall be substituted.

Repeal and saving

3.(1) The Uttarakhand Retirement Benefits (Amendment) Ordinance, 2018 is hereby repealed.

(2) Notwithstanding such repeal anything done or any action taken under the said ordinance shall be deemed to have been done or taken under the corresponding provisions of this Act.

By Order,

ALOK KUMAR VERMA,
Principal Secretary.

उद्देश्य और कारणों का कथन

उत्तराखण्ड राज्य विधान सभा ने राज्य के कर्मचारियों के सेवानिवृत्तिक लाभ एवं पारिवारिक पेंशन सम्बन्धित अधिकारों को संरक्षित करने के लिये उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 अधिनियमित किया है, जिसकी धारा 7 की उपधारा (1) में सेवानिवृत्ति उपदान की अधिकतम सीमा को मासिक परिलब्धियों के "तैतीस गुने" के स्थान पर "साढ़े सोलह गुना" किया जाने के सम्बन्ध में अध्यादेश प्रख्यापित किया गया था।

2. प्रस्तावित विधेयक उपरोक्त अध्यादेश का प्रतिस्थानी विधेयक है।

3. प्रस्तावित विधेयक उपरोक्त उद्देश्य की पूर्ति करता है।

(260)

संख्या : /XXVII (10)/2018–27(8)2017

प्रेषक,

अमित सिंह नेगी,
सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1– समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव, उत्तराखण्ड शासन।
2– समस्त विभागाध्यक्ष/ कार्यालयाध्यक्ष, उत्तराखण्ड।

वित्त अनुभाग–10 देहरादून : दिनांक : 15, अक्टूबर, 2018

विषय :सातवें केन्द्रीय वेतन आयोग की संस्तुतियों पर केन्द्र सरकार द्वारा लिये गये निर्णय के कम में दिनांक 01.01.2016 से पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन का संशोधन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक वित्त विभाग के शासनादेश संख्याः 267/45/XXVII/2016 दिनांक 30.12.2016 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके माध्यम से दिनांक 01.01.2016 से पूर्व के राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन/पारिवारिक पेंशन का पुनरीक्षण सातवें वेतन आयोग की संस्तुतियों के कम में किया गया।

2. केन्द्र सरकार के पेंशन और पेंशनभोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 38/37/2016–P&PW (A), दिनांक 12.05.2017 में यह व्यवस्था की गयी है कि दिनांक 01.01.2016 से पूर्व के सेवानिवृत्त कार्मिक के द्वारा सेवानिवृत्त के समय जिस वेतनमान में अन्तिम वेतन आहरित किया है, उसका प्रकल्पित रूप से पुनरीक्षण, उसकी सेवानिवृत्ति की तिथि के उपरान्त के वेतन आयोगों की संस्तुतियों के अनुसार किया जायेगा और इस प्रकार दिनांक 01.01.2016 को निर्धारित प्रकल्पित वेतन के आधार पर पेंशन/पारिवारिक पेंशन का निर्धारण किया जायेगा। केन्द्र सरकार के कार्यालय–ज्ञाप दिनांक 04.08.2016 की व्यवस्थानुसार, दिनांक 01.01.2016 से पूर्व की पेंशन/पारिवारिक पेंशन को 2.57 से गुणा करने पर संशोधित पेंशन/पारिवारिक पेंशन तथा दिनांक 12.05.2017 के कार्यालय ज्ञाप में दी गयी व्यवस्थानुसार दिनांक 01.01.2016 को प्रकल्पित रूप से पुनरीक्षित वेतन के आधार पर निर्धारित पेंशन/पारिवारिक पेंशन में से जो अधिक हो, वह दिनांक 01.1.2016 को पुनरीक्षित पेंशन/पारिवारिक पेंशन के रूप में अनुमन्य होगी। साथ ही, पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण हेतु विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों द्वारा की जाने वाली कार्यवाही के लिये पेंशनरों से किसी प्रकार की सूचना अथवा आवेदन प्राप्त किये जाने की आवश्यकता नहीं है। सम्बन्धित विभागाध्यक्षों/कार्यालयाध्यक्षों द्वारा शासनादेशों के अधीन कार्यवाही स्वतः तत्काल की जायेगी।

क्रमशः पृष्ठ–2

3. उक्तानुसार पेंशनरों की पेंशन के पुनरीक्षण के सम्बन्ध में पेंशन एवं पेंशन भोगी कल्याण विभाग, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञाप संख्याः 38/37/2016–P&PW (A), दिनांक 06, जुलाई, 2017 द्वारा 01.01.1986, 01.01.1996, 01.01.2006 व 01.01.2016 तक विभिन्न वेतनमानों में प्रकल्पित रूप से वेतन निर्धारण के आधार पर दिनांक 01.01.2016 से निर्धारित होने वाली पेंशन एवं पारिवारिक पेंशन की गणना के सम्बन्ध में वेतन प्रकमवार तालिकायें निर्गत की हैं।

4. अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 01.01.2016 से पूर्व के सेवानिवृत्त राज्य सरकार के पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों की पेंशन का पुनरीक्षण भारत सरकार के उपर्युक्त कार्यालय ज्ञाप दिनांक 06.07.2017 के साथ संलग्न तालिकाओं के आधार पर कार्यालय ज्ञाप दिनांक 12.05.2017 में दी गई व्यवस्था के अनुसार पेशन/पारिवारिक पेंशन पुनरीक्षण हेतु पेंशनर से सम्बन्धित विवरण संलग्न प्रारूप पर भर कर एवं उसे प्रमाणित करते हुये सम्बन्धित कोषागार को पेंशन निर्धारण हेतु प्रेषित किया जायेगा। सम्बन्धित विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष का उत्तर दायित्व होगा कि समस्त पेंशनरों/पारिवारिक पेंशनरों के उक्त विवरण दिनांक 31.03.2019 तक प्रत्येक दशा में कोषागार को प्रेषित कर दिया जाय।

5. प्रकल्पित आधार पर भिन्न–भिन्न वेतनमानों में वेतन निर्धारण वर्तमान में सम्बन्धित कार्यालयाध्यक्ष/विभागाध्यक्ष द्वारा कोषागार पोर्टल से संलग्न प्रारूप पर ऑनलाईन करते हुये वेतन निर्धारण सम्बन्धी आदेश पेंशन भुगतानकर्ता जनपद कोषागार को प्रेषित किये जायेंगे। तत्पश्चात कोषागार/उपकोषागार द्वारा सम्बन्धित पेंशनर के मूल पी0पी0ओ0 पर उक्तानुसार आंगणित पेंशन/पारिवारिक पेंशन को अंकित कर भुगतान किया जायेगा। पुनरीक्षित पेंशन का विवरण पेंशनर व पेंशन स्वीकृत अधिकारी को भी प्रेषित किया जायेगा।

6. इस शासनादेश के अनुसार प्रकल्पित रूप से वेतन निर्धारण करते हुये दिनांक 01.01.2016 से पेंशन का पुनरीक्षण किये जाने पर कोई एरियर देय नहीं होगा तथा पुनरीक्षित पेंशन का भुगतान दिनांक 01.11.2018 से किया जायेगा।

संलग्नकः– यथोक्त।

भवदीय,

(अमित सिंह नेगी)
सचिव, वित्त

क्रमशः पृष्ठ–3

262

संख्याः-205 /xxvii(10)/2018/27(08)17 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :-

1- महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी प्रथम), उत्तराखण्ड, देहरादून।

2- निजी सचिव, मा0 मुख्यमंत्री/मा0 वित्त मंत्री, उत्तराखण्ड सरकार।

3- आयुक्त, गढ़वाल/कुमांऊ मण्डल एवं समस्त जिलाधिकारी, उत्तराखण्ड।

4- निदेशक, कोषागार, पेंशन, लेखा एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून।

5- निदेशक, विभागीय लेखा, उत्तराखण्ड।

6.- निदेशक, ऑडिट, उत्तराखण्ड।

7- निदेशक, पेंशन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

8- निदेशक, कोषागार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

9- समस्त मुख्य/वरिष्ठ/कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी, उत्तराखण्ड।

10- प्रभारी, एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।

11- अध्यक्ष/महासचिव, सेवानिवृत्त राजकीय पेंशनर्स संगठन, उत्तराखण्ड एवं गवर्नमेन्ट पेंशनर्स वैलफेयर ऑर्गेनाइजेशन, उत्तराखण्ड।

12- गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव

263

शासनादेश संख्याः 205/XXVII(10)/2018/27(08)17 दिनांक 15.10.2018 का संलग्नक प्रारूप।

पेंशनर का विवरण –

(a) जी0आर0डी0 संख्याः..... (b) बैंक अकाउंट नं0.....
(c) पेंशनर का नामः.....(d) पेंशन का प्रकार.....(अधिवर्षता/पारिवारिक)
(e) पी0पी0ओ0 संख्याः.....(f) पद का नामः.....
(g) आहरण वितरण अधिकारी कोडः.....(h) विभाग का नामः.....
(i) जन्म तिथिः.....(j) नियुक्ति की तिथिः.....
(k) सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथिः.....(l) अर्ह सेवा अवधिः .....वर्ष.....माह.....दिन
(m) पैन नं0:.....(n) मोबाइल नं0:.....
(o) पारिवारिक पेंशनभोगी का नामः.....(p) जन्म तिथि .....
(q) पैन नं0:.....(r) मोबाइल नं0:.....

1. सेवानिवृत्ति की तिथि को वेतन/पेंशन –

(a) सेवानिवृत्ति/मृत्यु की तिथि को लागू वेतन आयोगः.....
(b) वेतनमानः.....(c) वेतनः.....
(d) मूल पेंशनः.....(e) पारिवारिक पेंशन(बढ़ी दर पर.....) तक.....
(f) पारिवारिक पेंशन(साधारण दर पर.....) से.....

2. प्रकल्पित वेतन के आधार पर संशोधित पेंशन –

क्र0सं0	विवरण	प्रकल्पित वेतन	पेंशन
1	चौथा वेतन आयोग		
2	पाँचवा वेतन आयोग		
3	छठा वेतन आयोग		
4	सातवा वेतन आयोग		
5	पारिवारिक पेंशन(बढ़ी दर पर)		
6	पारिवारिक पेंशन(साधारण दर पर)		

विभागाध्यक्ष/कार्यालयध्यक्ष/आ0वि0अधि0
(हस्ताक्षर)

कोषागार प्रयोगार्थः

आई0डीः

लेखाकार सं0कोषाधिकारी मुख्य/वरिष्ठ/
कोषाधिकारी/उपकोषाधिकारी

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–2, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अध्यादेश)

देहरादून, शुक्रवार, 20 जुलाई, 2018 ई0

आषाढ़ 29, 1940 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 269 / XXXVI(3) / 2018 / 47(1) / 2018

देहरादून, 20 जुलाई, 2018

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 213 के खण्ड–1 के अधीन श्री राज्यपाल ने "उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018" पर दिनांक 18 जुलाई 2018 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अध्यादेश संख्या 01 वर्ष, 2018 के रूप में सर्व–साधारण के सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018
(उत्तराखण्ड अध्यादेश संख्या 01 वर्ष 2018)
(भारत गणराज्य के उनहत्तरवे वर्ष में राज्यपाल द्वारा प्रख्यापित)

उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 (अधिनियम संख्या 17, वर्ष 2018) मे अग्रेत्तर संशोधन करने के लिए

अध्यादेश

चूँकि राज्य की विधान सभा सत्र में नहीं है और राज्यपाल का यह समाधान हो गया है कि ऐसी परिस्थितियाँ विद्यमान हैं, जिनके कारण उन्हें तुरन्त कार्यवाही करना आवश्यक हो गया है;

अतएव, अब, राज्यपाल, "भारत का संविधान" के अनुच्छेद 213 के खण्ड (1) द्वारा प्रदत्त शक्ति का प्रयोग करके निम्नलिखित अध्यादेश प्रख्यापित करते है:–

संक्षिप्त नाम 1. इस अध्यादेश का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ (संशोधन) अध्यादेश, 2018 है।

धारा 7 का संशोधन 2. उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 की धारा 7 की उपधारा (1) में "तैंतीस गुने" शब्द के स्थान पर "साढे सोलह गुना" शब्द रख दिये जायेगे।

(डॉ0 कृष्ण कान्त पॉल)
राज्यपाल,
उत्तराखण्ड।

आज्ञा से,
मीना तिवारी,
प्रमुख सचिव।

(266)

संख्याः– ✓ /xxvii(10)/2018/54/2012

प्रेषक,

अरूणेन्द्र सिंह चौहान,
अपर सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
कोषागार, पेंशन एवं हकदारी,
23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

वित्त अनुभाग–10

देहरादूनः दिनांक 22 अप्रैल, 2018

विषयः–प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/शासन द्वारा सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों/प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु प्राप्त करने उपरान्त शैक्षिक सत्र के अन्त तक प्रदत्त सत्रांत लाभ के दौरान अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्याः मैमो/नि0को0पें0ह0/पे0(सा0प0)/2017 दिनांक 08.05.2018 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के बाद प्रदत्त सत्रान्त लाभ की अवधि की गणना वेतन वृद्धि तथा सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु नहीं लिये जाने विषयक वित्त विभाग के शासनादेश संख्याः 128, दिनांक 25.04.2018 के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किये जाने की अपेक्षा की है।

2. उपरोक्त के दृष्टिगत सम्यक विचारोपरान्त शासनादेश संख्याः 128, दिनांक 25.04.2018 के प्रस्तर–3 को संशोधित करते हुए निम्नवत स्थिति स्पष्ट किये जाने का निर्णय लिया गया हैः–

"उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 208, दिनांक 03.08.2017 के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 03.08.2017 के पश्चात शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के बाद प्रदत्त सत्रान्त लाभ की अवधि की गणना वेतन वृद्धि तथा सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु नहीं की जायेगी, परन्तु दिनांक 03–08–2017 से पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षकों के ऐसे प्रकरण जो लम्बित हैं, का निस्तारण पूर्व की भाँति किया जायेगा।"

अतः उक्तानुसार अग्रेत्तर कार्यवाही सुनिश्चित कराने का कष्ट करे।

भवदीय,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव

267

संख्याः– 160 / xxvii(10) / 2018 / 54 / 2012 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1– महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखण्ड, देहरादून।

2– सचिव, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।

3– समस्त कोषागार, उत्तराखण्ड।

4– निदेशक, लेखा परीक्षा (ऑडिट), उत्तराखण्ड, देहरादून।

5– एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।

6– गार्ड फाईल।

आज्ञा से,

(अरूणेन्द्र सिंह चौहान)
अपर सचिव

268

संख्याः– /xxvii(10)/2018/54/2012

प्रेषक,

नन्दन सिंह बिष्ट,
उप सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

निदेशक,
कोषागार, पेंशन एवं हकदारी,
23 लक्ष्मी रोड, डालनवाला,
उत्तराखण्ड, देहरादून।

वित्त अनुभाग–10 देहरादूनः दिनांक 25, अप्रैल, 2018

विषयः–प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों/शासन द्वारा सहायता प्राप्त अशासकीय विद्यालयों/पूर्व माध्यमिक विद्यालयों/प्राथमिक विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों को अधिवर्षता आयु प्राप्त करने उपरान्त शैक्षिक सत्र के अन्त तक प्रदत्त सत्रांत लाभ के दौरान अनुमन्य सुविधाओं के सम्बन्ध में।

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक अपने पत्र संख्याः 3547/नि0को0पें0ह0/पे0(सा0प0)/2017 दिनांक 15.09.2017 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा सत्रांत की अवधि को सेवानिवृत्त लाभ एवं वार्षिक वेतन वृद्धि हेतु गणना में लिये जाने अथवा न लिये जाने के सम्बन्ध में स्थिति स्पष्ट किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. शासन के संज्ञान में आया है कि सत्रान्त लाभ की अवधि की गणना वेतन वृद्धि एवं सेवानिवृत्ति लाभों हेतु की जा रही है।

3. उपरोक्त के दृष्टिगत 'उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018' एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन के शासनादेश संख्याः 208, दिनांक 03.08.2017 के कम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि दिनांक 03.08.2017 के पश्चात शिक्षकों को अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के बाद प्रदत्त सत्रान्त लाभ की अवधि की गणना वेतन वृद्धि तथा सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु नहीं की जायेगी। शिक्षकों को उनकी अधिवर्षता आयु प्राप्त करने की तिथि को ही सेवानिवृत्त माना जायेगा। सत्रान्त लाभ की अवधि में उन्हें अन्तिम आहरित वेतन माइनस पेंशन

कमशः पृष्ठ–2

सिद्धान्त के आधार पर भुगतान किया जायेगा। दिनांक 03.08.2017 से पूर्व सेवानिवृत्त शिक्षकों के ऐसे प्रकरण जो लम्बित हैं, का निस्तारण पूर्व की भांति करने का कष्ट करें।

भवदीय,

(नन्दन सिंह बिष्ट)
उप सचिव

संख्या– 128 /XXVII(10)/2018/54/2012 तद्दिनांकित।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), उत्तराखण्ड, देहरादून।
2. सचिव, विद्यालयी शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन।
3. समस्त कोषागार, उत्तराखण्ड।
4. निदेशक, लेखा परीक्षा (ऑडिट), उत्तराखण्ड, देहरादून।
5. एन0आई0सी0, सचिवालय परिसर, देहरादून।
6. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
25.4.2018
(नन्दन सिंह बिष्ट)
उप सचिव

रजिस्ट्रेशन संख्या–55 पंजीकरण संख्या–यू०ए०/डी०ओ०/डी०डी०एन०/30/2018–2020

सरकारी गजट, उत्तराखण्ड

उत्तराखण्ड सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–1, खण्ड (क)

(उत्तराखण्ड अधिनियम)

देहरादून, शुक्रवार, 13 अप्रैल, 2018 ई0

चैत्र 23, 1940 शक सम्वत्

उत्तराखण्ड शासन

विधायी एवं संसदीय कार्य विभाग

संख्या 193/XXXVI(3)/2018/27(1)/2018

देहरादून, 13 अप्रैल, 2018

अधिसूचना

विविध

"भारत का संविधान" के अनुच्छेद 200 के अधीन श्री राज्यपाल ने उत्तराखण्ड विधान सभा द्वारा पारित 'उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ विधेयक, 2018' पर दिनांक 12 अप्रैल, 2018 को अनुमति प्रदान की और वह उत्तराखण्ड का अधिनियम संख्या 17 वर्ष, 2018 के रूप में सर्व साधारण के सूचनार्थ इस अधिसूचना द्वारा प्रकाशित किया जाता है।

(271)

उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018

(उत्तराखण्ड अधिनियम संख्या 17, वर्ष 2018)

राज्याधीन सेवाओं के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों की सेवावधि के उपरान्त सेवानिवृत्ति लाभ दिये जाने हेतु

अधिनियम

भारत गणराज्य के उनहत्तरवें वर्ष में उत्तराखण्ड विधानसभा द्वारा अधिनियमित:

भाग–एक

संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ तथा लागू होना

1. (1) इस अधिनियम का संक्षिप्त नाम उत्तराखण्ड सेवानिवृत्ति लाभ अधिनियम, 2018 है।

(2) यह अधिनियम दिनांक 01, अक्टूबर, 2005 से पूर्व राज्याधीन सेवाओं के अधीन मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिकों पर उनके अधिवर्षिता आयु पूर्ण करने, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति एवं अनिवार्य सेवानिवृत्ति की दशा में लागू होगा तथा कार्मिक की मृत्यु की दशा में ऐसे कार्मिक के आश्रितों पर लागू होगा;

परन्तु यह कि दिनांक 01.10.2005 से मौलिक रूप से नियुक्त कार्मिक नई अंशदान पेंशन योजना से शासित होंगे;

परन्तु यह और कि ऐसे कार्मिक की सेवा जो–

(क) पूर्णकालिक नियोजन की न हो;

(ख) संविदा, कार्य–प्रभारित, अंशकालिक, दैनिक वेतन, तदर्थ व नियत वेतन में की गई सेवा;

(ग) अधिवर्षता आयु पूर्ण करने के पश्चात् सेवाविस्तार/पुनर्नियोजित/सत्रान्त लाभ के रूप में की गई सेवा;

(घ) एक सेवा से दूसरी सेवा के मध्य सेवा व्यवधान।

(ङ) एक पद से दूसरे पद पर हुये स्थानान्तरण के फलस्वरूप कार्यभार ग्रहण काल/बाह्य प्रतीक्षा काल के अतिरिक्त गैर अनुमन्य अनुपस्थिति की अवधि;

(च) बिना स्वीकृत उपभोग किये गये अवकाश अवधि;

(छ) सेवा में किसी भी प्रकार की ऐसी अनुपस्थिति जिसकी स्वीकृति हेतु अवकाश शेष न हो;

उपरोक्त खण्ड (क) से (छ) तक उल्लिखित सेवाओं के लिये पेंशन अनुमन्य नहीं होगी।

2 यह अधिनियम इससे पूर्व बनाई गई किसी विधि में किसी अन्य बात के होते हुए भी प्रभावी होगा।

3 जब तक कि विषय या संदर्भ में कोई बात प्रतिकूल न हो, इस अधिनियम में:—

(क) 'संविधान' से 'भारत का संविधान' अभिप्रेत है;

(ख) 'सरकार' से उत्तराखण्ड राज्य की सरकार अभिप्रेत है;

(ग) 'राज्यपाल' से उत्तराखण्ड के राज्यपाल अभिप्रेत है;

(घ) 'पेंशन स्वीकर्ता अधिकारी' से समय-समय पर सरकार द्वारा इस रूप में अधिकृत अधिकारी अभिप्रेत है;

(ङ) 'पेंशन' में उपदान सम्मिलित है, सिवाय उस स्थिति में जब मात्र सेवा उपदान देय हो, वह पेंशन का भाग नहीं होगा।

(च) 'परिलब्धि' से ऐसा वेतन अभिप्रेत है, जो वित्तीय हस्त पुस्तिका खण्ड-दो, भाग-दो से चार में परिभाषित है।

(छ) 'मौलिक नियुक्ति' से सेवा के संवर्ग में किसी पद पर ऐसी नियुक्ति है जो संविदा, कार्य-प्रभारित, अंशकालिक, दैनिक वेतन भोगी, तदर्थ व नियत वेतन में नियुक्त न हो, और जिसका चयन सेवा संबंधित सेवानियमों के अनुसार किया गया हो, अभिप्रेत है;

(ज) 'स्थायी एवं अस्थायी सेवा' से ऐसी सेवा अभिप्रेत है, जो राजकीय विभाग में स्थाई व अस्थाई पद

पर मौलिक रूप से नियुक्ति के पश्चात् की गई हो।

(झ) सरकारी सेवक से ऐसे सरकारी सेवक (चाहे वह किसी श्रेणी के हो) अभिप्रेत है, जो सरकार के अधीन पेंशन अर्हता पद पर मौलिक रूप से नियुक्त हो।

(ञ) अर्हकारी सेवा से ऐसी सेवा अभिप्रेत है, जो राज्याधीन सेवाओं के अधीन मौलिक/नियमित रूप से की गई की सेवावधि है।

(ट) सेवानिवृत्ति से अधिवर्षिता, स्वैच्छिक सेवानिवृत्ति, अनिवार्य सेवानिवृत्त पर सरकारी सेवा से पदमुक्त अभिप्रेत है,

(ठ) विहित से नियमों में विहित अभिप्रेत है।

भाग–दो

पेंशन

पेंशन हेतु अर्हता

4. पेंशन के लिये सेवा निम्न शर्तों के अधीन अर्हकारी होगी–

(क) सेवा राज्य सरकार के अधीन मौलिक तथा नियमित रूप से की गई हो।

(ख) सेवा को सेवानिवृत्तिक लाभों हेतु तब अर्हकारी सेवा समझा जायेगा जब सम्बन्धित कार्मिक किसी अधिष्ठान में स्थायी/अस्थायी रूप से सृजित किसी पद पर मौलिक रूप से नियुक्त हो।

पेंशन की धनराशि

5. पेंशन की धनराशि सेवा के अन्तिम दिवस को आहरित मूल वेतन अथवा सेवानिवृत्ति तिथि से पूर्व के 10 माह की औसत वेतन, जो भी कार्मिक हेतु लाभकारी हो, के 50 प्रतिशत के समतुल्य होगी,

परन्तु उक्त राशि किसी भी दशा में राज्य सरकार द्वारा विहित न्यूनतम पेंशन की धनराशि से कम नहीं होगी और विहित अधिकतम पेंशन की धनराशि से अधिक नहीं होगी।

पेंशन अनुमन्यता हेतु सेवा अवधि का निर्धारण

6. (क) 10 वर्ष से न्यून अर्हकारी सेवा होने पर पेंशन अनुमन्य नहीं होगी। (छः माह और छः माह से अधिक अवधि को एक वर्ष माना जायेगा तथा छः माह से कम की अवधि को गणना में नहीं लिया जायेगा।)

(ख) 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पैशन अनुमन्य होगी।

(ग) यदि अर्हकारी सेवा 10 वर्ष से अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम हो तो, पेंशन की राशि आनुपातिक रूप से कम हो जायेगी;

परन्तु उक्त राशि किसी भी दशा में राज्य सरकार द्वारा विहित न्यूनतम पेंशन की धनराशि से कम नहीं होगी।

भाग–तीन
सेवानिवृत्ति/मृत्यु उपदान

सेवानिवृत्ति उपदान/मृत्यु उपदान

7. (1) सेवानिवृत्ति उपदान की दर अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिये मासिक परिलब्धियों के आधे के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित मासिक परिलब्धियों के तैंतीस गुने के बराबर अथवा राज्य सरकार द्वारा नियत अधिकतम सीमा तक जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी।

(2) मौलिक रूप से नियुक्त किसी सरकारी सेवक की मृत्यु होने पर मृत्यु उपादान की राशि निम्नवत होगी–

अर्हकारी सेवा की अवधि	मृत्यु उपदान की राशि
01 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 02 गुना
01 वर्ष से अधिक किन्तु 05 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 06 गुना

पेंशन अनुमन्यता हेतु सेवा अवधि का निर्धारण

6. (क) 10 वर्ष से न्यून अर्हकारी सेवा होने पर पेंशन अनुमन्य नहीं होगी। (छः माह और छः माह से अधिक अवधि का एक वर्ष माना जायेगा तथा छः माह से कम की अवधि को गणना में नहीं लिया जायेगा।)

(ख) 20 वर्ष की सेवा पर पूर्ण पेंशन अनुमन्य होगी।

(ग) यदि अर्हकारी सेवा 10 वर्ष से अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम हो तो, पेंशन की राशि आनुपातिक रूप से कम हो जायेगी;

परन्तु उक्त राशि किसी भी दशा में राज्य सरकार द्वारा विहित न्यूनतम पेंशन की धनराशि से कम नहीं होगी।

भाग–तीन

सेवानिवृत्ति / मृत्यु उपदान

सेवानिवृत्ति उपदान / मृत्यु उपदान

7. (1) सेवानिवृत्ति उपदान की दर अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिये मासिक परिलब्धियों के आधे के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित मासिक परिलब्धियों के तैंतीस गुने के बराबर अथवा राज्य सरकार द्वारा नियत अधिकतम सीमा तक जो भी कम हो, से अधिक नहीं होगी।

(2) मौलिक रूप से नियुक्त किसी सरकारी सेवक की मृत्यु होने पर मृत्यु उपादान की राशि निम्नवत होगी–

अर्हकारी सेवा की अवधि	मृत्यु उपदान की राशि
01 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 02 गुना
01 वर्ष से अधिक किन्तु 05 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 06 गुना

	06 वर्ष या अधिक किन्तु 11 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 12 गुना
	11 वर्ष या अधिक किन्तु 20 वर्ष से कम	मासिक परिलब्धियों का 20 गुना
	20 वर्ष या उससे अधिक	अर्हकारी सेवा की प्रत्येक पूर्ण छमाही अवधि के लिये परिलब्धियों के आधे के बराबर होगी जिसकी अधिकतम सीमा अन्तिम आहरित परिलब्धियों के तैंतीस गुने के बराबर अथवा राज्य सरकार द्वारा नियत अधिकतम सीमा तक, जो कम हो, से अधिक नहीं होगी।

भाग–चार

पारिवारिक पेंशन

पारिवारिक पेंशन

8. (1) पारिवारिक पेंशन की गणना अन्तिम आहरित मासिक वेतन के 30 प्रतिशत की दर साधारणतया की जायेगी;

परन्तु यह कि पारिवारिक पेंशन की न्यूनतम एवं अधिकतम धनराशि राज्य सरकार द्वारा नियत की गई धनराशि से अधिक न हो।

(2) सरकारी सेवक/पेंशनर की मृत्यु की दशा में परिवार को मृत्यु की तिथि से 10 वर्ष की अवधि तक अथवा दिवंगत सरकारी सेवक/पेंशनर की आयु 67 वर्ष होने, जो भी पहले हो, तक बढ़ी हुई दरों पर पारिवारिक पेंशन अनुमन्य होगी।

पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता हेतु पात्रता

9. पारिवारिक पेंशन की अनुमन्यता हेतु "परिवार" के निम्न सदस्य पात्र होंगे:–

(1) पत्नी/पति।

(2) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम के पुत्र को

इस प्रतिबन्ध के साथ कि वह जीविकोपार्जन करने लगे तो जीविकोपार्जन की तिथि अथवा 25 वर्ष की आयु तक, जो भी पहले हो।

(3) मृत्यु के दिन 25 वर्ष की आयु से कम की अविवाहित पुत्री को इस प्रतिबन्ध के साथ कि यदि वह जीविकोपार्जन करने लगे या उसका विवाह हो जाये अथवा 25 वर्ष की आयु पूर्ण करने तक, जो भी पहले हो। उपधारा (2) एवं (3) में उल्लिखित सन्तानों में सौतेली तथा सेवानिवृत्ति के पूर्व विधिवत गोद ली गई सन्तानें भी सम्मिलित हैं।

(4) दिव्यांग तथा मानसिक रूप से विक्षिप्त सन्तानों पर आयु का बन्धन नहीं होगा, जो इस अधिनियम के उपबन्धों के अध्यधीन पारिवारिक पेंशन पाने के पात्र होंगे। विधवा एवं तलाकशुदा पुत्री को भी परिवार में सम्मिलित माना जायेगा। यदि मृत सरकारी सेवक के परिवार में उसकी पत्नी/पति तथा उपर्युक्त वर्णित श्रेणी की पात्र सन्तान नहीं है, तो उसके माता/पिता जो उस पर पूर्ण रूप से आश्रित थे, को उसके परिवार में सम्मिलित समझा जायेगा।

(5) राजकीय कर्मचारियों/पेंशन भोगियों की अविवाहित पुत्रियों को 25 वर्ष की आयु प्राप्त कर लेने के बाद भी पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र बनाये जाने हेतु निम्नलिखित शर्तें होंगी–

(क) अविवाहित पुत्रियों को पारिवारिक पेंशन की स्वीकृति उनकी जन्म तिथि के क्रमानुसार दी जायेगी और उनमें से छोटी पुत्री तब तक पारिवारिक पेंशन के लिए पात्र नहीं होगी जब तक कि उससे अगली बड़ी पुत्री पारिवारिक पेंशन के लिए अपात्र नहीं ठहराई जाती।

(ख) 25 वर्ष से अधिक आयु की अविवाहित पुत्रियाँ केवल तभी पारिवारिक पेंशन की पात्र होंगी, जब कि 25 वर्ष से कम आयु के अन्य पात्र बच्चे, पारिवारिक पेंशन ग्रहण करने के लिये पात्र नहीं रहें हों और यह कि परिवार में पारिवारिक पेंशन ग्रहण करने के लिए कोई निशक्त सन्तान नहीं है।

पेंशन के एक भाग का राशिकरण

10. (क) कुल आगणित पेंशन का अधिकतम 40 प्रतिशत की धनराशि का राशिकरण राज्य सरकार द्वारा नियत सूत्र के अनुसार अनुमन्य होगा। पेंशनर को यह सुविधा उसकी सहमति के आधार पर देय होगी।

(ख) राशिकृत भाग का पुनर्स्थापन पी०पी०ओ० निर्गत होने के तीन माह बाद अथवा भुगतान की तिथि, जो भी पहले हो, से 15 वर्ष की अवधि पूर्ण होने की तिथि के ठीक अगली तिथि से होगा।

पेंशन में वृद्धि

11. 80 वर्ष या उससे अधिक आयु के राजकीय पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स को अनुमन्य पेंशन पर निम्नानुसार अतिरिक्त पेंशन अनुमन्य होगी:—

पेंशनर्स / पारिवारिक पेंशनर्स की आयु	पेंशन में वृद्धि
80 वर्ष से अधिक किन्तु 85 वर्ष से अनधिक	मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 20 प्रतिशत
85 वर्ष से अधिक किन्तु 90 वर्ष से अनधिक	मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 30 प्रतिशत
90 वर्ष से अधिक किन्तु 95 वर्ष से अनधिक	मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 40 प्रतिशत
95 वर्ष से अधिक किन्तु 100 वर्ष से अनधिक	मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का 50 प्रतिशत

100 वर्ष या उससे अधिक	मूल पेंशन / पारिवारिक पेंशन का शत–प्रतिशत

भाग–पांच

प्रकीर्ण

प्रकीर्ण 12 (1) सेवा निवृत्त होने वाले ऐसे राज्य कर्मचारियों को जिसके विरूद्ध सेवानिवृत्ति के समय विभागीय, न्यायिक कार्यवाही अथवा प्रशासनाधिकरण में जांच चल रही हो अथवा किया जाना अपेक्षित हो में अनन्तिम पेंशन एवं उपादान ऐसे अनुमन्य होगी जैसे विहित की जाय।

(2) सेवा से पदच्युत व्यक्ति को पेंशन, पारिवारिक पेंशन अनुमन्य नहीं होगी।

नियम बनाने की शक्ति 13 (1) इस अधिनियम के क्रियान्वयन के लिये राज्य सरकार नियम बना सकेगी।

(2) इस अधिनियम के अधीन बनाये गये नियम, विधान मण्डल के समक्ष रखे जायेंगे।

आज्ञा से,

मीना तिवारी,

प्रमुख सचिव।

No. 193/XXXVI(3)/2018/27(1)/2018

Dated Dehradun, April 13, 2018

NOTIFICATION

Miscellaneous

In pursuance of the provisions of Clause (3) of Article 348 of the Constitution of India, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of **"The Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018"** (Adhiniyam Sankhya **17 of 2018**).

As passed by the Uttarakhand Legislative Assembly and assented to by the Governor on 12 April, 2018.

The Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018

(Uttarakhand Act No. 17 of 2018)

AN

ACT

for providing benefits after the retirement of substantively appointed personnel under the State Government services.

Enacted by the Uttarakhand Legislative Assembly in the 69th Year of the Republic of India;

Part-I

Short title, commencement and application of the Act

1. (1) This Act may be called the Uttarakhand Retirement Benefits Act, 2018.

(2) This Act shall be applicable on the personnel substantively appointed before the date of 1st October, 2005 under the services of State Government in the case of their completion of superannuation age, voluntary retirement and compulsory retirement and in the case of death of any personnel, on the dependents of such personnel;

Provided that the personnel appointed substantively from the date of 1st October, 2005 shall be governed by new contributory pension plan;

Provided further that such service of personnel which are:-

(a) Not in full time employment;

(b) done on contract, work charge, part time, daily wages, adhoc and fixed salary;

(c) done as extension of service/ re-appointment/ end of session benefit after completing superannuation age.

(d) break in service from one service to another service;

(e) unauthorized absence except the period of joining/compulsory waiting period as a result of transfer from one post to another post;

(f) period of leave without sanction;

(g) any kind of absence in service, for which the leave is not due;

281

pension shall not permissible for the services mentioned in the clause (a) to (g) above.

Overriding effect 2. Notwithstanding anything contained in any other law made before the commencement of this Act, the provisions of this Act shall prevail.

Definitions 3. Unless anything is repugnant to the subject and context, in this Act-:

(a) 'Constitution' means the Constitution of India.

(b) 'Government' means the State Government of Uttarakhand;

(c) 'Governor' means the Governor of Uttarakhand.

(d) 'Pension Sanction Officer' means officer authorised as such by the Government from time to time;

(e) Pension includes gratuity except when only service gratuity is payable, it will not be part of pension.

(f) 'Emolument' means such salary which is defined under Financial Hand Book Volume-II Part- II to IV;

(g) 'Substantive appointment' means such appointment on a post in any cadre of service which is not an appointment on contract, work charge, part time, daily wages, adhoc and on fixed salary and selection for which has been made in accordance with relevant service rules;

(h) 'Permanent and Temporary service' means such service which has been done after substantive appointment on permanent and temporary post in any Government department.

(i) 'Government Servant' means such Government servant who may belong to any class who is substantively appointed under the government on a post which qualifies for pension;

(j) 'Qualifying service' means period of service which has been done as substantive / regular service under the State Government;

(k) 'Retirement' means to relinquish office from Government service on superannuation, voluntary retirement and compulsory retirement;

(l) 'Prescribed' means prescribed in rules.

(282)

Part II

Pension

Eligibility for pension 4 The service shall be qualifying service for pension according to following conditions-

(a) The service has been done substantively and regularly under the State Government;

(b) The service shall be taken as qualifying service for retirement benefits when the employee is substantively appointed on permanent/ temporary created post in any establishment.

Amount of Pension 5 Amount of pension shall be equivalent to the 50% of drawn basic pay on last day of the service or average salary of 10 months before the retirement date, whichever is beneficial for the pensioner;

Provided that the said amount shall not be less than the amount of minimum pension prescribed and shall not be more than the amount of maximum pension prescribed by the State Government.

Determination of period of service for allowing pension 6 (a) Pension shall not be permissible if services are for less than ten years (six months and more than six months shall be considered one year and the period of less than six months shall not be calculated).

(b) Whole pension shall be permissible on service of twenty years.

(c) If qualifying service is of more than ten years but less than twenty years, then amount of pension shall decrease in proportion;

Provided that the said amount shall not be less than the amount of minimum pension prescribed by the State Government.

Part-III

Retirement/ Death Gratuity

Retirement gratuity/death gratuity 7 (1) The amount of retirement gratuity shall be equal to half of the monthly emoluments for every completed half year period of qualifying service, the maximum limit of which shall not be

283

more than 33 times of last drawn monthly emoluments or the maximum limit prescribed by the State Government, whichever is less.

(2) The amount of death gratuity on the death of any substantively appointed Government servant shall be as under:-

Period of qualifying service	Amount of death gratuity
less than one year	double of monthly emoluments
more than one year but less than five years	six times of monthly emoluments
five years or more than but less than eleven years	twelve times of monthly emoluments
eleven years or more than but less than twenty years	twenty times of monthly emoluments
twenty years or more than twenty years	The amount shall be equal to half of the monthly emoluments for every completed half year period of qualifying service, the maximum limit of which shall not be more than 33 times of last drawn monthly emoluments or the maximum limit prescribed by the State Government, whichever is less.

Part IV

Family Pension

Family Pension 8. (1) The family pension ordinarily shall be calculated at the rate of thirty percent of last drawn monthly salary;

Provided that the minimum and maximum amount of family pension shall not be more than the amount fixed by the State Government.

(2) In case of death of Government servant / pensioner, family pension is permissible to family at increased rates for the period of ten years from the date of death or attaining the age of 67 years of deceased Government servant/pensioner, whichever is earlier.

284

Eligibility for permissiveness of family pension

9. Following members of family shall be eligible for allowing the family pension-

(1) wife/ husband;

(2) Son less than the age of 25 years on the date of death with the restriction that if he starts earning livelihood then till the date of earning livelihood or the age of 25 years, whichever is earlier.

(3) Unmarried daughter, less than age of 25 years on the date of death with the restriction that if she starts earning livelihood or she gets married or till the completion of age of 25 years, whichever is earlier. Children mentioned in sub-section (2) and (3) include step and legally adopted children before retirement.

(4) There shall be no restriction of age for disabled or mentally challenged children who are eligible for family pension under the provisions of this Act. Widow or divorcee daughter shall also be included in family.

If spouse or eligible children of the deceased Government servant in above mentioned categories are not available, then his mother/father, who were fully dependent on him, will be included in his family.

(5) There shall be the following conditions to make the unmarried daughters of Government employees /pensioners eligible even after attaining the age of twenty five years-

(a) family pension to unmarried daughter shall be sanctioned according to their date of birth and the younger daughter shall not be eligible for family pension till the elder daughter next to her is declared ineligible;

(b) unmarried daughters of more than twenty five years shall be eligible for family pension only when other eligible children under age of twenty years are not eligible for pension and there is no disabled child in family to receive family pension.

Commutation of a part of pension

10. (a) Commutation of maximum forty percent amount of total calculated pension shall be permissible according to the formula prescribed by the State Government. This facility is provided for the pensioner on the basis of his consent.

285

संख्याः 41 /XXVII(7)50(4)/2017

प्रेषक,

राधा रतूड़ी,
प्रमुख सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।

सेवा में,

1. समस्त अपर मुख्य सचिव/प्रमुख सचिव/सचिव/प्रभारी सचिव,
उत्तराखण्ड शासन।
2. समस्त विभागाध्यक्ष/कार्यालयाध्यक्ष,
उत्तराखण्ड।

वित्त(वे0आ0–सा0नि0) अनुभाग–7

देहरादून : दिनांक 12 सितम्बर, 2017

विषय :पुनर्नियुक्ति/पुनर्नियोजित सरकारी सेवाओं में वेतन इत्यादि की अनुमन्यता के सम्बन्ध में।

महोदय,

सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों को जनहित में एवं अपरिहार्यता होने पर पुनर्नियुक्ति प्रदान करने पर उनके वेतन/भत्तों आदि की अनुमन्यता के सम्बन्ध में शासनादेष संख्या 319/XXVII–7/2012, दिनांक 21 नवम्बर, 2012 में व्यवस्थायें उपबन्धित की गयी है। शासन द्वारा सम्यक विचारोपरान्त लिये गये निर्णय के कम में उक्त वर्णित शासनादेश दिनांक 21 नवम्बर, 2012 को अतिकमित करते हुए पुनर्नियुक्त/पुनर्नियोजित सरकारी सेवकों के वेतन/भत्तों की अनुमन्यता के सम्बन्ध में निम्न व्यवस्था लागू किये जाने की श्री राज्यपाल सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:–

